विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल ने गायों की दुर्दशा पर पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉक्टर पक्षवार को माना था जिम्मेदार

गायों की मौत के मामले में अब होगी जांच, जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा, मनीष गड़करी

जिले में चारा-पानी और इलाज की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बड़ी संख्या में गायों की मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले की शिकायत भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) तक पहुंचने के बाद बोर्ड ने मध्यप्रदेश के संबंधित विभागों को जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है।

AWBI के सचिव डॉ. महेशभाई के. चौहान ने 7 अगस्त 2026 को जारी पत्र मध्यप्रदेश राज्य पशु कल्याण बोर्ड और मध्यप्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड को भेजा है। पत्र में छिंदवाड़ा जिले में गायों की मौत के संबंध में मिली शिकायत का उल्लेख करते हुए तत्काल जांच कराने को कहा गया है। शिकायत के साथ घटना से संबंधित वीडियो भी बोर्ड को उपलब्ध कराया गया था।

चारा-पानी और इलाज की व्यवस्था पर सवाल

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गायों को पर्याप्त चारा, पीने का पानी और नियमित पशु चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण उनकी मौत हुई। अब जांच में यह देखा जाएगा कि संबंधित गौशाला या पशु आश्रय स्थल में गायों के लिए किस तरह की व्यवस्था थी और जिम्मेदार अधिकारियों ने समय-समय पर निरीक्षण किया था या नहीं। बोर्ड ने अपने पत्र में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धाराओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि यदि जांच में पशुओं के प्रति लापरवाही या क्रूरता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।उपसंचालक पवार की भूमिका भी जांच के घेरे मेंमामले में पशुपालन विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। अब यह जांच का विषय होगा कि विभाग के अधिकारियों ने गायों की स्थिति की नियमित निगरानी की थी या नहीं। खासकर पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. पक्षवार की निगरानी और निरीक्षण व्यवस्था पर भी सवाल उठ सकते हैं। यदि जांच में विभागीय स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की संभावना है। जांच के दौरान गौशाला के रिकॉर्ड, गायों की संख्या, चारा-पानी की उपलब्धता, पशु चिकित्सकों के दौरे, उपचार का रिकॉर्ड और मृत गायों की संख्या जैसी जानकारी जुटाई जा सकती है। इससे यह भी साफ होगा कि सरकारी स्तर पर गायों के संरक्षण के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का सही तरीके से उपयोग हुआ या नहीं।

अब कागजों से बाहर आएगा मामला

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने मामले को "अति आवश्यक" बताते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच और सख्त कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही की गई कार्रवाई की जानकारी बोर्ड को देने के निर्देश दिए गए हैं।AWBI के इस पत्र के बाद मामला अब केवल शिकायत और आरोपों तक सीमित नहीं रहा है। गौमाता के संरक्षण में कानूनी प्रक्रिया शुरू होने की स्थिति बन गई है। अब जांच में यदि लापरवाही साबित होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित लोगों पर प्रशासनिक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।अब नजर इस बात पर है कि विभाग इस मामले में कितनी गंभीरता से जांच करता है और गायों की मौत के लिए आखिर जिम्मेदार कौन सामने आता है।

कुंडई की गौशाला में बदहाली का वीडियो सामने आया, गौवंश की स्थिति पर उठे सवाल

जनपद क्षेत्र के ग्राम कुंडई स्थित राधाकृष्णा गौशाला में गौवंश की कथित बदहाली का एक वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बिछुआ प्रखंड के गौ रक्षा प्रमुख द्वारा हाल ही में बनाए गए वीडियो में गौशाला की स्थिति को कथित रूप से बेहद चिंताजनक बताया गया है। वीडियो में गौवंश के स्वास्थ्य और देखरेख को लेकर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गौरव सेन ने कहा कि गौशाला की वर्तमान स्थिति हृदय विदारक है। उनका आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण गौवंश के प्राण संकट में हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर जिला प्रशासन किस अधिकारी को बचाने में लगा हुआ है और कार्रवाई के नाम पर वास्तविक स्थिति को छिपाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है? गौरव सेन ने कहा कि संगठन द्वारा पूर्व में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर गौशाला से जुड़े विभिन्न विषयों, जिम्मेदार व्यक्ति और कार्यशैली के संबंध में कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बावजूद वर्तमान स्थिति सामने आना प्रशासनिक कार्रवाई की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से यह वीडियो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंचना चाहिए, ताकि जमीनी हकीकत सामने आ सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले का निष्पक्ष संज्ञान लेते हुए गौशाला का तत्काल निरीक्षण कराने, गौवंश की स्थिति की जांच करने तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि गौशाला संचालन में किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि गौवंश की सुरक्षा और देखरेख सुनिश्चित हो सके।

आबकारी विभाग की कार्यवाही पर मिलीभगत का आरोप

ड्राई डे पर अवैध शराब की जमकर बिक्री की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आबकारी कार्रवाई पर मिलीभगत का सवालपरासिया। हरनभटा क्षेत्र की शराब दुकान में कथित अवैध बिक्री को लेकर आबकारी विभाग की कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में है। शिकायत के बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची, दुकान की तलाशी ली और कर्मचारियों से पूछताछ भी की, लेकिन कार्रवाई का नतीजा ऐसा रहा कि शिकायतकर्ता ही सवाल करने लगे हैं कि आखिर विभाग सख्त कार्रवाई करने में सक्षम क्यों नहीं है ?

आरोप है कि दुकान का मुख्य शटर बंद रखकर साइड के दरवाजे से शराब की बिक्री की जा रही है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से इस तरह शराब उपलब्ध कराए जाने की चर्चा है। शिकायत के बाद आबकारी टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तलाशी के दौरान शराब बरामद नहीं होने के बाद मामला लगभग वहीं समाप्त होता नजर आया। यही स्थिति विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जांच के दौरान दुकान में कर्मचारी मिले। उन्होंने बताया कि वे करीब छह महीने से यहां रह रहे हैं और मकान मालिक को एडवांस किराया दिया गया है। लेकिन विभाग यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि दुकान का वास्तविक संचालन किसके नियंत्रण में है और शिकायत में लगाए गए अवैध बिक्री के आरोपों की वास्तविकता क्या है।

सबसे गंभीर सवाल यह है कि यदि विभाग को शिकायत मिली थी तो केवल कमरों की तलाशी लेकर कार्रवाई पूरी क्यों कर दी गई? साइड के दरवाजे से बिक्री के आरोपों की निगरानी, आसपास के लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज और दुकान से जुड़े लोगों की गतिविधियों की जांच क्यों नहीं की गई? ऐसे सवालों ने विभागीय कार्रवाई को संदेह के घेरे में ला दिया है। स्थानीय लोगों में अब यह चर्चा भी है कि कहीं शराब कारोबार से जुड़े लोगों को संरक्षण देने के लिए कार्रवाई को जानबूझकर कमजोर तो नहीं किया जा रहा? अधिकारियों की कथित मिलीभगत के आरोपों की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। यदि आरोप गलत हैं तो विभाग को स्थिति साफ करनी चाहिए और यदि शिकायत में दम है तो जिम्मेदार लोगों पर तत्काल कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि 15 अगस्त को ड्राई डे रहेगा। ऐसी आशंका है कि प्रतिबंधित दिन शराब की मांग बढ़ने का फायदा उठाकर अवैध बिक्री फिर तेज हो सकती है। यदि विभाग पहले से मिली शिकायत और मौके की जांच के बावजूद प्रभावी निगरानी नहीं करता है तो ड्राई डे पर साइड रास्तों से शराब बिक्री की आशंका और बढ़ सकती है। अब सवाल आबकारी विभाग से है आखिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति क्यों? जिम्मेदारों पर सख्ती करने में विभाग क्यों सक्षम नहीं है? और यदि अवैध बिक्री नहीं हो रही तो शिकायत की वास्तविकता सामने लाने के लिए ठोस जांच क्यों नहीं की जा रही? पूरे मामले में वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

डॉ. अर्चना कैथवास को CMHO का अतिरिक्त प्रभार, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री की जनविश्वास यात्रा के दौरान पूर्व CMHO डॉ. नरेश गुन्नाड़े के निलंबन के बाद अब जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) का अतिरिक्त प्रभार जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अर्चना कैथवास को सौंपा गया है। विभाग के इस निर्णय से स्वास्थ्य विभाग में नई उम्मीद जगी है।डॉ. अर्चना कैथवास इससे पहले भी स्वास्थ्य विभाग में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। वे वर्तमान में जिला स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। इसके अलावा वे खंड चिकित्सा अधिकारी के रूप में भी लंबे समय तक सेवाएं दे चुकी हैं।

अमरवाड़ा में लंबे समय तक उनकी सेवाओं को भी विभाग में सराहा गया है। उनकी कार्यप्रणाली और प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए उन्हें CMHO का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

गुन्नाड़े के कार्यकाल को लेकर उठे थे सवाल

पूर्व CMHO डॉ. नरेश गुन्नाड़े के कार्यकाल में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठते रहे। विभागीय लापरवाही, शिकायतों और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर भी वे विवादों में रहे। कोरोना काल और लोकायुक्त की कार्रवाई जैसे मामले भी उनके कार्यकाल के दौरान सामने आए। अंततः कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही के आरोपों के बीच उन्हें निलंबन का सामना करना पड़ा।

अब विभाग ने डॉ. अर्चना कैथवास को यह जिम्मेदारी देकर स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव और प्रशासनिक पकड़ से जिला अस्पताल सहित ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था में सुधार आएगा।डॉ. कैथवास को नई जिम्मेदारी मिलने पर विभागीय कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य सेवाएं अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और बेहतर होंगी।

पंचायत में विकास के लिए जो भी खरीदा, सब में हुआ भ्रष्टाचार उप सरपंच सहित पंचों ने सीईओ से की शिकायत

परासिया:- परासिया ब्लॉक की बड़ी पंचायतों में से एक बड़ी ग्राम पंचायत इकलेहरा के विकास के लिए जो भी सामग्री खरीदी गई , जो भी निर्माण हुआ , उन सभी में भ्रष्टाचार हुआ है , यह दावा पंचायत के उप सरपंच और पंचों का है । जिसको लेकर उप सरपंच और पंचों ने जनपद सी ई ओ से लिखित शिकायत कर जांच की मांग रखी है ।ग्राम पंचायत इकलेहरा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर लगातार शिकायतों का दौर जारी है । यहां तिरंगा लाइट , स्ट्रीट लाइट , डस्टबिन , सड़क निर्माण मटेरियल आदि सब में नियम विरुद्ध खरीदी किए जाने , व्यापक भ्रस्टाचार करने के आरोप उप सरपंच और पंचों ने सी ई ओ के नाम दिए गए ज्ञापन में लगाए हैं । उप सरपंच फखरुल सिद्दीकी , पंच सबीना बानो , कमला बेले , शीला साहू , अरुण भन्नारे , अविनाश चौरसिया और मोहम्मद समीर का कहना है , कि इस पंचायत का कार्यकाल शुरू होते ही सरपंच और सचिव ने मिलकर पंचायत का भट्टा बिठाल दिया है । पंचायत विकास के नाम पर जो भी कार्य किए गए हैं , उनमें आर्थिक अनियमिततायें बरती गई है । सोलर लाइट , स्ट्रीट लाइट , डस्टबिन और अन्य सामग्री बाजार के वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्य में खरीदे गए । तेजस ट्रेडर्स जिसका पता भीमसेन परासिया है , उस से 3 लाख रूपये से अधिक का मटेरियल खरीदा गया , जबकि भीमसेन में ऐसी कोई दुकान ही नहीं है । इस सब अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच के लिए जनपद उपाध्यक्ष जमील खान की उपस्तिथि में ज्ञापन दिया गया है , साथ ही विधायक सोहन वाल्मीकि के संज्ञान में भी मामला लाया गया है । यदि जांच नहीं होती है , तो हड़ताल की जाएगी । क्या हो पाएगी जांच :- देखा जाए तो जनपद परासिया के अंतर्गत आने वाली कई पंचायतों की लिखित शिकायतें विभिन्न लोगों द्वारा की गई है , पर जांच क्या हुई कुछ पता ही नहीं ।

जुन्नारदेव-हनोतिया रोड पर अवैध रेत के खिलाफ खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा, पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में बिना वैध अनुमति रेत का उत्खनन एवं परिवहन करने वाले वाहनों पर निगरानी रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को जुन्नारदेव-हनोतिया मार्ग पर खनिज विभाग की टीम ने अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर जब्त किया।

जानकारी के अनुसार जुन्नारदेव-हनोतिया रोड पर खनिज विभाग की टीम नियमित जांच एवं निगरानी के दौरान संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर उसकी जांच की। जांच के दौरान वाहन में रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। वाहन चालक से रेत के परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मांगे गए। प्रारंभिक जांच में वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर खनिज विभाग ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया।

कार्रवाई खनिज विभाग के अधिकारी अमित मिश्रा के नेतृत्व में की गई। जब्त वाहन को आगे की नियमानुसार कार्रवाई के लिए जुन्नारदेव पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। विभाग द्वारा अब वाहन, रेत के स्रोत और परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित प्रावधानों के तहत प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जाएगी।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली के मालिक का नाम सुरेंद्र यादव बताया जा रहा है। हालांकि वाहन स्वामित्व और रेत के संबंध में दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। विभाग द्वारा जब्त वाहन के संबंध में आवश्यक रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है।

अवैध रेत कारोबार पर प्रशासन की नजर

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। खासतौर पर ऐसे मार्गों पर निगरानी बढ़ाई जा रही है, जहां से रेत के अवैध परिवहन की शिकायतें सामने आती रही हैं। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से रेत का परिवहन करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बिना वैध अनुमति अथवा आवश्यक दस्तावेजों के रेत का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। जुन्नारदेव क्षेत्र में भी अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है। फिलहाल जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस अभिरक्षा में है और खनिज विभाग द्वारा दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से संकेत है कि जिले में अवैध रेत के कारोबार पर निगरानी और सख्ती का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

स्वयं सहायता समूहों को स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने से रोकने के आदेश

जुन्नारदेव : मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जुन्नारदेव ने पत्र क्रमांक 2134/ पीएम पोषण जशिके 2026दिनांक 10/8/2026 के तहत शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला/अनुदान प्राप्त शाला/मदरसा में संलग्न स्व-सहायता समूहों का मध्यपदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) अंतर्गत पंजीयन नहीं होने के कारण मध्यान्ह भोजन संचालन का कार्य से पृथक करने का आदेश 150 से अधिक स्कूलों को प्रेषित किया है। जिसको लेकर स्व सहायता समूहों एवं स्कूलों में भारी असंतोष व्याप्त है। ज्ञात रहे कि विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन (प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना) का संचालन स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जाता है।

In The Court Of II Additional District and Session Judge, District Court, Narsinghpur
Presiding Officer : श्रीमती कीर्ति कश्यप
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)(RCS HM/0000057/2026)
PNO-493/26
Process Id-/2026
पेशी दिनांक:- 22/09/2026
निशा अग्रवाल............वादी Vs
महेश अग्रवाल................प्रतिवादी
प्रेषिती- (1) महेश अग्रवाल पिता मोहन अग्रवाल पता-वार्ड न 2 पुरानी बस्ती जुन्नारदेव थाना जुन्नारदेव जिला छिंदवाडा
यह कि प्रार्थी निशा अग्रवाल ने आपके विरूद्ध धारा 13 (1) (1क) 13 (1) (1ख) हिंदू विवाह अधिनियम 1955 तहत वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(शील) श्रीमति कीर्ति कश्यप
न्यायाधीश द्वितीय जिला न्यायाधीश नरसिंहपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

जमीन विवाद में भाई की हत्या, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

जादू-टोना करने के शक और जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

हर्रई। थाना हर्रई पुलिस ने हत्या के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम खापा में जमीन संबंधी विवाद और जादू-टोना करने के शक के चलते एक युवक ने अपने ही रिश्तेदार की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और कपड़े जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक 12 अगस्त 2026 की रात ग्राम खापा निवासी पप्पू उर्फ चंदसी धुर्वे (37) की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक और आरोपी के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक द्वारा आरोपी के पिता की

जमीन ठेके पर लेकर खेती किए जाने को लेकर भी दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी संतराम पिता दुरासी मरस्कोले (28), निवासी ग्राम खापा, मृतक पर जादू-टोना करने का शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में आरोपी ने कुल्हाड़ी से मृतक के सिर और गर्दन पर वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी संतराम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी तथा सफेद-नीले रंग की चौखड़ी वाली शर्ट बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे उप जेल अमरवाड़ा भेज दिया गया। मामले के खुलासे में हर्रई थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही। पुलिस द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही आरोपी से पूछताछ कर हत्या के कारणों की पुष्टि की गई।

पुलिस ने 15 आरोपियों को दबोचा, 1.53 लाख रुपए नकद, 13 बाइक समेत करीब 60 लाख रुपए का मशरूका जब्त

जंगल में बैटरी की रोशनी में चल रहा था जुआफड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

थाना अमरवाड़ा पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में बैटरी की रोशनी के बीच चल रहे जुए के फड़ का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। कार्रवाई में पुलिस ने 1 लाख 53 हजार 230 रुपए नकद, 13 दोपहिया वाहन सहित करीब 60 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। इतनी बड़ी संख्या में जुआरियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अमरवाड़ा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 13 अगस्त की रात जंगल क्षेत्र में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर जुआरियों में भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर 15 आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस कार्रवाई के दौरान जुआ खेलते मिले आरोपियों के कब्जे और मौके से 1,53,230 रुपए नकद, ताश के पत्ते, बैटरी की रोशनी की व्यवस्था के लिए 52 ताश के पत्ते, एक एक्सपायर्ड बैटरी, 10 वाट के एलईडी बल्ब और करीब 10 फीट वायर सहित अन्य सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा आरोपियों द्वारा मौके पर लाए गए वाहनों को भी जब्त किया गया।

पुलिस ने कुल 5 लग्जरी कारें महिंद्रा टीयूवी 300, फोर्ड कार, टाटा सफारी, महिंद्रा बोलेरो और महिंद्रा स्कॉर्पियो के साथ अन्य वाहनों को जब्ती में लिया। जब्त वाहनों और अन्य सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 554/2026, धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

संकलनकर्ता- मुकेश बागड़े, सौंसर मो.-9424693913

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
योगेश भलावी- कृषि विस्तार अधिकारी, सौंसर
संजना चौधरी- एस.डी.ओ. जल संसाधन सौंसर
सुभांशु चौरसिया- एस.डी.ओ. पी.डब्ल्यू.डी.

कार्यालय नगरपालिका परिषद सौंसर
मौसम पालेवार
सी.एम.ओ., न.पा.प.सौंसर
श्रीमती सुनीता इंगले ठाकरे, अध्यक्ष, न.पा.प.सौंसर
विनोद जुनघरे, उपाध्यक्ष, न.पा.प.सौंसर
पार्षदगण: रामकृष्ण राऊत, मुकेश्वर ठाकरे, प्रणय मजमिल, बसंत ठाकरे, श्रीमती योगिता बोरकर, श्रीमती गीता बारबले

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
कृष्णा कॉटन इंडस्ट्रीज
बेरडी रोड, सौंसर
संचालक, कृषि मंडी, सौंसर

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
विजय चौरे
विधायक, सौंसर

जनपद पंचायत सौंसर
प्रियंक मिश्रा
अध्यक्ष- संजय भूते
समस्त जनपद पंचायत सदस्य एवं स्टाफ, सौंसर
उपाध्यक्ष- नारायण वाड़ोदे

कार्यालय नगर परिषद पिपलानारायणवार
पानी, बिजली की बचत करे,
करो का भुगतान करे,
अपने आस पास साफ-सफाई रखे, भीड़भाड़ से बचे...
अध्यक्ष श्रीमती अरुणा कैलाश चौधरी
सीएमओ - डी.पी. साहू समस्त पार्षद एवं स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
शासकीय उमावि पिपलानारायणवार
प्रभारी प्राचार्य
गणेश परतेती

स्कूल चले हम...
सी.एस. यादव
बीआरसी
विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौंसर एवं स्टाफ

आयुषी एश ब्रिक्स
ए.के.व्ही.एन. क्षेत्र, बोरगांव
मोहन ताजने
बोरगांव, तह.सौंसर, जि.छिन्दवाड़ा

कृषक भाईयों को हार्दिक शुभकामनाएं
सौंसर विपणन एवं प्रक्रिया सह. समिति मर्यादित, सौंसर
पी.सी. माहोरे — प्रशासक
चंद्रशेखर बांगडे — लेखापाल
समस्त सदस्यगण एवं स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
मप्र जनशिक्षा अभियान परिषद
अनिल बोबड़े

एकीकृत महिला एवं बाल-विकास परियोजना, सौंसर
महिला बाल विकास द्वारा संचालित समस्त अधिकारी योजनाओं का लाभ लेवें
कमल कुमार
परियोजना अधिकारी एवं समस्त स्टाफ

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सौंसर
बिजली की बचत करें, समय पर भुगतान करें
अखिलेश श्रीवास्तव — कार्यपालन यंत्री
नीरज होलकर — सौंसर कनिष्ठ अभियंता
समस्त स्टाफ मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, सौंसर

नगर पंचायत मोहगांव हवेली
नगर को साफ सुथरा रखे, करों का समय पर भुगतान करें
संदीप घाटोड़े — अध्यक्ष
चंद्रमोहन बर्मे — सीएमओ, नपम मोहगांवहवेली
नीलम बांगड़े — उपाध्यक्ष
समस्त पार्षद गण एवं स्टाफ नपं मोहगांवहवेली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कपास उत्पादकों के हित में और समाज सेवा हमेशा आगे...
राठी इंडस्ट्रीज, सौंसर
संचालक-संजय राठी, सौंसर
उमिया जिनिंग एवं प्रोसिंग
संचालक- इंदरचंदजी डागा, सुरेश पटेल, सौंसर
मनमोहन जिनिंग, सौंसर
संचालक-राजेश सावल
सौंसर कॉटन एवं प्रोसेसिंग
संचालक- मनोज जुनेजा, सौंसर
गायत्री इंडस्ट्रीज, सौंसर
संचालक- दिलीप बत्रा, नट्टू जी टावरी

शासकीय महाविद्यालय सौंसर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
शासकीय महाविद्यालय में ही प्रवेश
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
रूपलाल उइके
थाना प्रभारी सौंसर
एवं समस्त स्टाफ

स्वास्थ्य विभाग, सौंसर
डॉ. रूपेश बोकड़े
बी.एम.ओ. सौंसर

लक्ष्मी पेट्रोलियम बेरडी रोड, सौंसर
प्रो. शैलेन्द्र जायसवाल
पेट्रोलियम सर्विस
छिंदवाड़ा रोड, सौंसर
प्रो. अनिल देशमुख

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
सनफ्लावर इंग्लिश एवं हिन्दी स्कूल मोहगांवहवेली
नर्सरी से बारहवीं तक
-प्राचार्य-
प्रभाकर बंजारी
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
सुधीर बेंडे
ए क्लास इलेक्ट्रिक कॉन्ट्रेक्टर
सौंसर

नगर परिषद लोधीखेड़ा
शिवकुमार बघेल
सीएमओ
न.प. लोधीखेड़ा
एवं समस्त पार्षदगण
अध्यक्ष अर्चना बीरेन्द्र जायसवाल
उपाध्यक्ष नरेन्द्र राय
अपील: करो का भुगतान समय पर कर विकास कार्य में सहयोग देवें। पानी अनमोल है इसे व्यर्थ न बहायें। नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। पॉलीथिन का उपयोग न करें।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वनविभाग सौंसर
सुश्री कीर्ति बाला गुप्ता — एसडीओ, सौंसर
जे.डी. खरे — वन परिक्षेत्र अधिकारी, कन्हान
नीरज बिसेन — वन परिक्षेत्र अधिकारी, सौंसर
तुलसीराम मलावी — वन परिक्षेत्र अधिकारी, अम्बाड़ा
समस्त स्टाफ वनविभाग सौंसर

15 अगस्त अमर रहे
नामदेव जी पाल
मंडल भाजपा अध्यक्ष रामाकोना
गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना
संचालक सदाशिव खंडाईत

शासकीय देशी/विदेशी शराब दुकान
सौंसर/रामाकोना/बेरडी/मोहगांव/रेमण्ड चौक
ठेकेदार- प्रवीण सिंह चौहान

टी.पी. घोड़मारे
(अनु.अधी.ग्रा.यांत्रिकी सेवा सौंसर एवं सहायक यंत्री जपं सौंसर)
उपयंत्री-सुरेश लुटे, महेन्द्र सोनेकर, संजय अनेराव, अमित बिनाकिया, नवीन बिसेन
एवं समस्त उपयंत्री जनपद पंचायत सौंसर

BOREGAON INDUSTRIES ASSOCIATION
ए.के.व्ही.एन.बोरगांव तह. सौंसर, जिला-छिंदवाड़ा
ज्योतिन्द्र पटेल
एच.एल.काबरा, दिपक हिम्मतरामका
आर.एन. द्रविड, सतिष मलिक, मयंक सुभाष जैन, वामन ढोंमरे
All Association Member Boregaon Industries
REGN NO. 04/17/05/14022/11/, DT17/11/20211

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता: भूपेन्द्रसिंह (बाबा) ठाकुर मो. 9691211551

दयाराम इरपाची — भाजपा मंडल अध्यक्ष तामिया
दिनेश साहू — भाजपा मंडल महामंत्री तामिया
नीलेश डेहरिया — भाजपा मंडल उपाध्यक्ष तामिया

विकासखंड शिक्षा अधिकारी
बलवंत सानेर
एवं समस्त स्टाफ तामिया

वनपरिक्षेत्र देलाखारी
एवं समस्त स्टाफ तामिया

ओम कंस्ट्रक्शन एवं सप्लायर
एवं समस्त स्टाफ

घनश्याम तिवारी
पर्यवेक्षक कांग्रेस कमेटी तामिया

बीआरसी कार्यालय
बीआरसी
एवं समस्त स्टाफ तामिया

कृष्णा ट्रेडर्स
बिजोरी

दयाराम ईरपाची — मंडल अध्यक्ष तामिया
विनय साहू — महामंत्री तामिया मंडल

श्रीमति रंजना ठाकुर
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक -1 तामिया

सीएम राईस स्कूल
प्राचार्य- बी.के. सानेर
एवं समस्त स्टाफ

देशी विदेशी शराब दुकान
ठेकेदार तामिया

ग्राम पंचायत धुंसावानी
एवं सचिव व पंचगण

नवीन मरकाम
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक -2 तामिया

मौसम चौरे
उपयंत्री
सांगाखेड़ा एवं जुन्नारदेव

शराब दुकान देलाखारी
ठेकेदार देलाखारी

पटेल स्टोन क्रेशर
इटावा
संचालक- प्रवीण पटेल

ग्राम पंचायत तामिया
सरपंच-बिसनिया भारती
सचिव-जगत तेकाम
एवं समस्त पंचगण तामिया

अनीस खान
उपयंत्री
एवं समस्त स्टाफ तामिया

शराब दुकान झिरपा
ठेकेदार झिरपा

कृष्णा ट्रेडर्स
झिरपा

आर ई एस उपसंभाग तामिया
सहायक यंत्री
एवं समस्त उपयंत्री

बी.के. यादव
उपयंत्री
एवं समस्त स्टाफ तामिया

गोल्हानी स्टोन क्रेशर
संचालक - राजू साहू

ग्राम पंचायत देलाखारी
एवं पंचगण देलाखारी

राजीव गांधी जलग्रहण मिशन
उपयंत्री- अनिल माहोरे
एवं समस्त स्टाफ

वनपरिक्षेत्र सांगाखेड़ा
एवं समस्त स्टाफ तामिया

कुशवाह स्टोन क्रेशर साजकुही
संचालक - हरीश कुशवाह

ग्राम पंचायत झिरपा
सरपंच - सुनील मर्सकोले
सचिव - विपिन ढवरे
एवं समस्त पंचगण तामिया

हर्राई क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता ÷ केशरी सराठे हर्राई, हरिभूमि संवाददाता समाचार एवं विज्ञापन के लिए अधिकृत मो. न. 8120856785

नेताजी सुभाष चंद्रबोस बालिका छात्रावास हर्राई
श्रीमती गीता धुर्वे (वार्णन) अधीक्षक
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

बालिका छात्रावास हर्राई, (पोस्ट मैट्रिक)
रामेश्वरी डेहरिया अधीक्षक सीनियर
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

आदिवासी बालक आश्रम बड़ाबोह (हर्राई)
इब्राहिम खान अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ
एवं समस्त स्टाफ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत।

बालक छात्रावास परतापुर (हर्राई)
रविशंकर डेहरिया अधीक्षक सीनियर
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

बालक आश्रम, परतापुर (हर्राई)
मतभान शाह मर्सकोले छात्रावास अधीक्षक
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

सीनियर बालक छात्रावास रातामाटी (हर्राई)
सूर्यकांत नगरारे अधीक्षक
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

प्राचार्य आर आर प्रधान शासकीय हाई स्कूल परतापुर (हर्राई)
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल, भेडा (हर्राई)
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

प्राचार्य, ए. एस. परतेती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हड़ाई (हर्राई) एवं समस्त स्टाफ
बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयासरत
देश के समस्त वीर शहीदों को शत-शत नमन

क्षेत्र वासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व की बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
कम्पोजिट अंग्रेजी व देशी शराब दुकान हर्राई A
ठेकेदार, निशा शिवहरे एवं समस्त स्टाफ हर्राई

क्षेत्र वासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व की बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
कम्पोजिट मदिरा दुकान हर्राई (B)
ठेकेदार, मेडस्टोन ट्रेडर्स प्रा.लि.एव समस्त स्टाफ हर्राई जिला छिंदवाड़ा

क्षेत्र वासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व की बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
जय कुमार सूर्यवंशी
समिति प्रबंधक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, बटकाखापा एवं समस्त स्टाफ बटकाखापा

पांढुर्णावासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

सौजन्य : अजय तावरे, पत्रकार पांढुर्णा मो. 9826572303

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सीएम राईज विद्यालय पांढुर्णा
प्राचार्य - चंद्रशेखर बरेठ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. सचिन नडगडी, डीएफओ मा. चंचलेश पवार, एसडीओ
मा. तुलसीराम भलावी, रेंजर
वनविभाग पांढुर्णा एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पांढुर्णा पेट्रोलियम पाइंट
तार बाजार पांढुर्णा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. निलेश उईके जी
विधायक विधानसभा क्षेत्र पांढुर्णा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश दुबे, उपयंत्री पीडब्ल्यूडी पांढुर्णा सुधांशु चौरसिया, एसडीओ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनभागीदारी समिति शा. विज्ञान महाविद्यालय
प्राचार्य- डॉ. शहनाज खान

समता हायर सेकेण्डरी स्कूल, पांढुरना
संकाय- गणित, विज्ञान, कला, कृषि, वाणिज्य, कृषि
माध्यम- हिन्दी व अंग्रेजी
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष- महेश कुमार दुबे प्राचार्य- रामेश्वर देशमुख

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन ज्योति इंडेन गैस एजेंसी पांढुर्णा
निवेदक : श्री गोपाल राठी
पता- माहेश्वरी काम्प्लेक्स नागपुर रोड पांढुर्णा
फोन- 07162-220506, 0942573258

कार्यालय नगरपालिका परिषद, पांढुरना जिला-छिंदवाड़ा
15 अगस्त
गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भारत के वीर शहीदों को नमन करते हुए गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जल ही जीवन है और पानी व्यर्थ न बहाएं, स्वच्छता हेतु घरों में हरा और नीला डस्टबिन रखें, नगरपालिका का टैक्स समय पर जमा करें।

समस्त पार्षदगण नगरपालिका परिषद पांढुरना
श्रीमती हेमेश्वरी पटले
संदीप घोटोड़े अध्यक्ष न प पांढुरना
सीएमओ नगरपालिका परिषद पांढुरना
ताहिर अहमद पटेल उपाध्यक्ष नप पांढुरना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत तिगांव
सौ. उषाबाई कुमरे सरपंच
मनोहर देशमुख सचिव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खेड़ीकला
श्री अरुण इवनाती सरपंच
श्री सुभाष काले सचिव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री सांई पेट्रोलियम पाइंट तिगांव
विवखेड़ा जोड़ एनएच 47 पांढुर्णा
प्रो. मेहता बंधु
Bharat Petroleum

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामशांति विद्या मंदिर
रामशांति कॉलेज
रामजीदास बुधराज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भूली
मा. दिलीप घागरे सरपंच
श्री चंद्रशेखर पठाडे सचिव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत आजनगांव
मा. मनीष राऊत सरपंच
जनाब शेख युसूफ सचिव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जनपद पंचायत पांढुर्णा
सौ. लताबाई तुमडाम मा. जनपद अध्यक्ष
श्री भीमराव वालके मा. उपाध्यक्ष ज.पं.
सी.ई.ओ.- विनय ठाकुर

चौरई क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

पत्रकार - भुजेन्द्र शर्मा, मो. 7974211471

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति चौरई
प्रशासक श्री मोहम्मद आरिफ कुरैशी
प्रबंधक श्री संतोष रघुवंशी
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति गोपालपुर
जिला सहकारी समिति प्रशासक मो. आरिफ कुरैशी
प्रबंधक श्री विजय शर्मा
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विभाग चौरई
कृषि विस्तार अधिकारी
निराली आर्य
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सिरेगांव
श्री रामप्रकाश वर्मा सरपंच
सचिव दयाराम नागोतिया
रोजगार एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति झिलमिली
जिला सहकारी समिति प्रशासक कु. सरिता बट्टी
प्रबंधक राधेश्याम रघुवंशी
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्य गण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति हिवरखेड़ी
जिला सहकारी समिति प्रशासक मो. आरिफ कुरैशी
प्रबंधक विनोद वर्मा
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत केरिया झिरिया
भागीरथी वर्मा सरपंच
सचिव परसराम सनोडिया
एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एम.पी.ई.बी. चौरई
लोकेन्द्र वर्मा, जेई
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति समसवाड़ा
जिला सहकारी समिति प्रशासक रीता पटेल
प्रबंधक श्री इमरान खान
इमरान खान, सहित समस्त कर्मचारी व सदस्य गण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति पांजरा
जिला सहकारी समिति प्रशासक निलिन मरकाम
प्रबंधक श्री मोहन पाण्डे
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत लिखड़ी
श्रीमती नंदा सेंगर सरपंच
सचिव विनोद वर्मा
एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चौरई
राजकुमार सनोडिया, प्रबंधक
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति कपुर्दा
जिला सहकारी समिति प्रशासक रीता पटेल
प्रबंधक श्री रमेश वर्मा
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देशी/विदेशी शराब दुकान चौरई
संचालक एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बरेलीपार
श्री सूरजन लाल उईके सरपंच
सचिव रोजगार सहायक
एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सीतापार
श्रीमती शिवरी बाई बद्रीप्रसाद वर्मा सरपंच
सचिव
रोजगार सहायक एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति देवरीमाल
जिला सहकारी समिति प्रशासक निलिन मरकाम
प्रबंधक इन्द्रकुमार वर्मा
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्य गण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि उपज मंडी चौरई
एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा
सचिव श्रीमती नीतू उईके
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी व व्यापारी गण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सलखनी
श्री चंद्रकिरण शर्मा सरपंच
सचिव रामभरोस शर्मा
पंच एवं समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खूटपिपरिया
श्री संजय मोहनलाल डेहरिया सरपंच
सचिव विष्णु संगोतिया
रोजगार सहायक एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति साजपानी
जिला सहकारी समिति प्रशासक मो. आरिफ कुरैशी
प्रबंधक सूरज सनोडिया
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगरपालिका परिषद चौरई
अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शरद जैन
उपाध्यक्ष श्री सिरपत नायक
सीएमओ : अंकिता वर्मन एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति रामगढ़
जिला सहकारी समिति प्रशासक मो. आरिफ कुरैशी
प्रबंधक श्री शरद दुबे
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चौरई
प्राचार्य श्री रामजी वर्मा
एवं समस्त स्टाफ चौरई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पटेल पेट्रोल पंप चौरई
संचालक सुशील अतरलाल वर्मा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति कुण्डा
जिला सहकारी समिति प्रशासक मो. आरिफ कुरैशी
प्रबंधक लियाकत अली मीर
सहित समस्त कर्मचारी व सदस्यगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोस्वामी स्टोन क्रेशर चंदनवाड़ा
संचालक-मुकेश गिरि गोस्वामी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गुरेया
श्री रमेश मंसूखलाल सरपंच
सचिव सुनील वर्मा
एवं पंचगण व समस्त ग्रामवासी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महिला एवं बाल विकास विभाग चौरई
परियोजना अधिकारी समस्त सुपरवाईजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत मोरखा
सरपंच ब्रजमोहन चन्द्रवंशी
सचिव बलकिशोर वर्मा
रोजगार सहायक बीरबल चंद्रवंशी
समस्त पंच ग्राम पंचायत मोरखा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कुण्डा
प्रबंधक संतोष सनोड़िया
एवं समस्त कर्मचारी गण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग चौरई
उपयंत्री सीता मरकाम एवं स्टॉफ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति लिखड़ी-खटकर
प्रशासक आरिफ कुरैशी
प्रबंधक सुदेश श्रीवास

आरोपी संतोष ठाकरे ने गला रेत कर किया हत्या, मामला प्रेम प्रसंग का

नहर में बहती हुई मिली लाश, पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में युवक ने रेप पीड़िता का गला काट डाला। गर्दन में ब्लेड से कई कट लगाए। जमीन पर खून गिराता रहा। मरते दम तक तड़पाया और मुंह भी दबाकर रखा। मर्डर के बाद नहर में लाश फेंककर भाग गया। वारदात वारासिवनी के डोंगरगांव की है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने 31 जुलाई को युवती को कार से किडनैप किया। उसे गांव से दूर ले गया। इसके बाद रेप केस में राजीनामा नहीं करने पर विवाद हो गया। आरोपी संतोष ठाकरे (25) ने 23 वर्षीय रेप पीड़िता की हत्या कर दी। गुरुवार शाम पुलिस ने इसका खुलासा किया।

पुलिस के मुताबिक, युवती ने 9 मई 2026 को आरोपी के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने की शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों के बीच पिछले 4 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मामला सिवनी जिले से जुड़ा था। लालबर्रा पुलिस ने शून्य पर कायमी कर फाइल सिवनी महिला थाने भेज दिया था।

मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसने हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत भी ली थी। इसके बाद से युवती को लगातार संपर्क कर रहा था। युवती को केस वापस लेने के लिए दबाव बना रहा था। इसी बाच बहलाकर युवती को बुलाया।

वारदात में इस्तेमाल के लिए पेट्रोल पंप मालिक की स्विफ्ट डिजायर कार (MP 22 JH 0949) का इस्तेमाल किया। आरोपी पेट्रोल पंप में काम करता था। मालिक ने आसानी से कार दे दिया था। इसके बाद संतोष ठाकरे 31 जुलाई को युवती को कार में बैठाकर नागपुर, इटारसी और छिंदवाड़ा ले गया।

आरोपी ने युवती को 2-3 दिन इधर-उधर घुमाया। इस दौरान दोनों के बीच केस वापस लेने को लेकर विवाद हुआ। युवती ने राजीनामे के लिए शर्त रखी कि संतोष अपनी पत्नी को छोड़ दे। वह इसके लिए तैयार नहीं था। बात नहीं बनी तो उसने युवती की हत्या की योजना बना ली।

आरोपी 4 अगस्त की रात को युवती को लेकर कायदी-वारासिवनी रास्ते पर पहुंचा और कार रोक दी। यहीं उसने ब्लेड से युवती का गला रेत दिया। इसके बाद उसका गला दबाकर रखा। युवती की मौत होने के बाद आरोपी ने शव को नहर में फेंक दिया। पानी के बहाव में शव डोंगरगांव पुलिया के पास पहुंच गया।

वारदात के बाद आरोपी गोंदिया रेलवे स्टेशन पहुंचा और कार वहीं छोड़ दी। इसके बाद ट्रेन से नागपुर भाग गया। पुलिस से बचने के लिए वह अलग-अलग जगहों पर घूमता रहा। इधर पुलिस युवती की हत्या की जांच करते हुए आरोपी की तलाश में जुटी थी।

घटना के करीब 8 दिन बाद पुलिस को संतोष के सरंडी गांव के पास सावंगी में होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह जंगल की ओर भागने लगा। भागते समय उसके हाथ-पैर में चोट लग गई। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि- आरोपी को उसके गांव सरंडी के पास सावंगी से गिरफ्तार किया गया है। गोंदिया रेलवे स्टेशन से कार बरामद की गई। कार की तलाशी में खून से सने कपड़े, युवती का सामान, बैग, आईडी कार्ड और हत्या में इस्तेमाल किया गया ब्लेड मिला। पुलिस ने आगे पूछताछ के लिए कोर्ट से आरोपी की रिमांड मांगी है।

महामारी से हो रही मौतों के आंकड़े स्वास्थ्य विभाग बता रहा है गलत, ग्रामीण बोले अब तक 15 मौतें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के आदिवासी अंचल के गांवों में महामारी फैलने से बच्चे लगातार बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। बुधवार को भी 15 बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 7 बच्चों को गहन चिकित्सा इकाई (PICU) में रखा गया है, जबकि 18 बच्चों का उपचार बच्चा वार्ड में चल रहा है।

बीमारी से मरने वाले बच्चों की संख्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग भले ही 8 मौतों की बात कह रहा हो, लेकिन ग्रामीण और आदिवासी संगठन के प्रतिनिधियों का दावा है कि पिछले ढाई महीने में 15 बच्चों की मौत हुई है।

बिरसा क्षेत्र के बैगा आदिवासी अंचल अडोरी और मछुरदा पंचायत के अंतर्गत कुंडेकसा, बोंदारी, मछुरदा, माथला, कोरका और गठिया गांवों में बीमारी से बच्चों की मौत के मामले सामने आए हैं। गांव में फैली महामारी से बच्चों की लगातार मौतों की खबर के बाद, पीड़ित परिवारों से मिलकर लौटे आदिवासी विकास परिषद के युवा अध्यक्ष शुभम उईके ने 15 बच्चों की मौत का दावा किया है।

बोंदारी निवासी लमनिन धुर्वे, साहिल धुर्वे, पूजा धुर्वे, सचिन मरकाम, रूपलाल धुर्वे, रूपलाल पिता दशरथ धुर्वे; कुंडेकसा निवासी प्रीति मरकाम, अरविंद धुर्वे; कोरका निवासी सुंदरी मेरावी; गठिया निवासी मंगली मरकाम; मछुरदा निवासी सूरज मरकाम, रोवन धुर्वे और माथला निवासी रोही परते, राम पिता महासिंह, उदेसिंह धुर्वे शामिल हैं। CMHO डॉ. परेश उपलप ने सिर्फ 8 मौतों की पुष्टि की है।

जिला अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि बुधवार रात 15 बच्चों को भर्ती कराया गया था। वर्तमान में 7 बच्चे पीआईसीयू में हैं, जबकि शेष बच्चे बच्चा वार्ड में भर्ती हैं और उनका उपचार किया जा रहा है।

आदिवासी विकास परिषद के युवा अध्यक्ष शुभम उईके ने आरोप लगाया कि शासन, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग आंकड़ों को छिपा रहा है। उन्होंने मांग की है कि लापरवाही से हुई बच्चों की मौतों पर सरकार उनके परिवारों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान करे।

बस किराया बढ़ने से आम जनता में आक्रोश

छात्र-छात्राओं ने सौंपे ज्ञापन, होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बस किराए में हुई बढ़ोतरी से परेशान छात्रों और प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों ने विरोध किया। गुरुवार को इन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बढ़ा हुआ किराया वापस लेने की मांग की है।

छात्रा प्राची ने बताया कि किराए में सीधे दोगुनी बढ़ोतरी से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। पहले मोहगांव से बालाघाट आने-जाने का किराया जहां 100 रुपए लगता था, अब वह सीधे 200 रुपए हो गया है। उन्होंने मांग उठाई है कि महंगाई के दौर में आम लोगों को राहत देने के लिए किराया पहले जैसा ही किया जाए।

युवा प्रतिनिधि मुकेश माहुले ने कहा कि इस फैसले से सबसे ज्यादा मार छात्रों और कम आय वाले कामकाजी लोगों पर पड़ी है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि छात्र और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए। माहुले ने चेतावनी दी कि अगर 1 हफ्ते के अंदर बढ़ा किराया वापस नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और बस ऑपरेटरों की होगी।

दूसरी तरफ, बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के सचिव श्याम कौशल ने बताया कि सरकार ने लंबे समय बाद यात्री किराए में संशोधन किया है। हालांकि, उन्होंने रोज सफर करने वाले छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को राहत देने का ऐलान किया है।

एसोसिएशन ऐसे यात्रियों के लिए मंथली पास बनाएगा, जिस पर उन्हें मौजूदा किराए में 40% की छूट मिलेगी। कोई भी यात्री बस ऑपरेटर या एजेंट से संपर्क कर यह पास बनवा सकता है।

एस.एस.पी. महाविद्यालय वारासिवनी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में गुरुवार 13 अगस्त 2026 को हर घर तिरंगा अभियान के तहत दीवार एवं बोर्ड सजावट, रंगोली, मेहंदी एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह अभियान मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रक्षा निकोसे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नेहा मर्सकोले तथा कार्यक्रम सदस्य डॉ. नंदिनी टेंभरे, श्रीमती शिल्पा वासनिक एवं श्रीमती विनिता देशमुख के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री नेहा मर्सकोले ने हर घर तिरंगा अभियान में प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भारतीय तिरंगे के महत्व और राष्ट्रीय गौरव के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के 45 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान सोनी, द्वितीय स्थान सोनल अली एवं रितु कोटेकर तथा तृतीय स्थान दामिनी नागेश्वर एवं मिताली पटले ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया केवट, द्वितीय स्थान सीया परते एवं देवेश्वरी पारधी तथा तृतीय स्थान मुस्कान भोरे एवं रश्मि बिरेवार ने हासिल किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपमाला अवधिया, द्वितीय स्थान डिंपल वर्मा एवं तृतीय स्थान इशा चौधरी ने प्राप्त किया।कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रक्षा निकोसे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सरिता कोल्हेकर, डॉ. तृप्ती सोनवे, कार्यक्रम संयोजक श्री कृष्णा पराते एवं श्रीमती रोहिणीदेवी पटले सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रदर्शित किया।

शासकीय महाविद्यालय हट्टा में प्रवेश का अंतिम चरण

हरिभूमि न्यूज हट्टा। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया 10 अगस्त से 14 अगस्त तक जारी है। यह' प्रवेश का अंतिम चरण है, नव प्रवेशित छात्र-छात्राएं 10 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाईन पंजीयन करवाकर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। चर्चा में शासकीय महाविद्यालय हटा के प्राचार्य ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 10 अगस्त से महाविद्यालय में स्नातक कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है और जिन्हें उक्त कक्षाओं में प्रवेश लेना है। उसकी अंतिम तिथि 14 अगस्त तक है। इस चरण में प्रवेश प्रक्रिया पहले आओं पहले पाओं के आधार पर होगी। आगे बताया कि प्रवेश केवल विषयों में रिक्त सीट होने पर ही दिया जायेगा। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थियों की लॉगिन एवं महाविद्यालय की लॉगिन पर प्रदर्शित होगी। वहीं पंजीकृत विद्यार्थी सीधे प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। नवीन पंजीकृत विद्यार्थी केवल एक ही महाविद्यालय में पंजीयन कर सकेंगे और महाविद्यालय के हेल्प सेंटर पर वेरीफिकेशन के पश्चात शुल्क जमा करने के लिए ऑंफर दिया जायेगा, इसके पश्चात विद्यार्थी उसी दिन शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत 14 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे तक प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकेगें।

उपसंचालक डॉ. परते को उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाओं का प्रभार

बालाघाट। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु चिकित्सक डॉ. घनश्याम परते को उपसंचालक के पद पर पदोन्नत कर बालाघाट में पदस्थ किया गया है। डॉ. परते अब उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा बालाघाट का कार्यभार संभालेंगे।

पुलिया और पक्की सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों का जल सत्याग्रह, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जनपद के ग्राम पंचायत गढ़दा के अंतर्गत आने वाले बूढ़ेना, पवारी टोला, कोड़पा टोला सहित ग्राम गढ़दा एवं नाहरवानी के ग्रामीण वर्षों से सड़क और पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। बारिश के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। पुलिया टूटने तथा कई मार्गों के अब तक पक्के नहीं होने के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को अतिरिक्त दूरी तय कर आवागमन करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पवारी टोला की पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से मार्ग बंद हो गया है। इसके चलते स्कूल जाने वाले बच्चों को करीब 5 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं बूढ़ेना के बच्चों को भी पुलिया की समस्या के कारण लगभग 2 किलोमीटर अधिक दूरी तय कर स्कूल पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल निर्माण कार्य कराने की मांग की है। साथ ही मांगें पूरी नहीं होने पर बब्बर सेना एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा एक दिवसीय जल सत्याग्रह आंदोलन किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी कई गांवों को पक्की सड़क और सुरक्षित पुलिया जैसी बुनियादी सुविधा नहीं मिल पाई है। बारिश के दौरान नदियों और नालों में पानी बढ़ने से आवागमन और बच्चों को स्कूल तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाती है।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन से सवाल किया है कि जब सड़क और पुलिया लोगों की रोजमर्रा की जरूरत है तो वर्षों से लंबित इन समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? ग्रामीणों का कहना है कि वे किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे, बल्कि सुरक्षित आवागमन, बच्चों की शिक्षा और गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं।

शास.हाईस्कूल सुनारककोड़ी ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले के लाँजी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पी.के.भिमटे के नेतृत्व तथा वरिष्ठ शिक्षक एन.के. गजभिये के कुशल मार्गदर्शन में 11.08.2026 को तिरंगा रैली निकाली गई । विद्यालय में पदस्थ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा छात्र-छात्राओं ने इस तिरंगा रैली में बढ़- चढ़कर भाग लिया । यह तिरंगा रैली विद्यालय प्रांगण से होते हुए ग्राम की गलियों में तिरंगे झंडे की जय एवं भारत माता की जय तथा वंदे-मातरम् के नारे लगाते हुए बैंड की धुन पर कदमताल के साथ निकाली गई । इस रैली के माध्यम से ग्राम के आम जनों में हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति समर्पण तथा मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया ताकि राष्ट्रीयता की भावना जन-जन तक फैल सके । विद्यालय प्रांगण से निकाली गई इस तिरंगा रैली के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफ में एच.कटरे, एस.सोनवाने,कपिल पटले, संगीता घोरमारे,सविता कालबेले तथा ग्रामीण जनों की सक्रिय भागीदारी रही ।

शेर के हमलों पर विधायक मधु भाऊ भगत ने वन विभाग से मांगी जवाबदेही

बैगा आदिवासियों के समर्थन में बयान पर बोले—'जल, जंगल, जमीन के असली मालिकों के हितों की रक्षा मेरा कर्तव्य'

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में वन्य प्राणियों के हमलों और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर विधायक मधु भाऊ भगत ने वन विभाग से जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने 10 अगस्त 2026 को डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट, भोपाल को पत्र भेजकर पिछले पांच वर्षों में वन्य प्राणियों से संबंधित घटनाओं, शासन द्वारा किए गए खर्च तथा सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में शेर के हमले में महिला के घायल होने तथा लगातार वन्य प्राणियों के हमलों से मानव जीवन संकट में है। उन्होंने कहा कि यदि वन क्षेत्रों में वन्य प्राणियों को पर्याप्त शिकार उपलब्ध नहीं होगा तो उनके आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आने की आशंका बनी रहेगी। ऐसे में वन्य प्राणी संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी वन विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

मधु भगत ने वन विभाग से पिछले पांच वर्षों में बालाघाट जिले में वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए आवंटित राशि का वर्षवार विवरण मांगा है। उन्होंने यह भी जानकारी मांगी है कि वन्य प्राणियों के हमलों में कितने नागरिक घायल हुए, कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से कितनी सहायता राशि दी गई और उसका भुगतान कब किया गया।

विधायक ने वन्य प्राणियों के लिए जंगल में पर्याप्त शिकार उपलब्ध कराने, उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों में आने से रोकने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के लिए विभाग द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा भी मांगा है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में इन उपायों पर खर्च की गई राशि की जानकारी देने को कहा है।

उन्होंने संरक्षित वन क्षेत्रों की बाउंड्रीवाल, फेंसिंग तथा वन्य प्राणियों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने के लिए किए गए अन्य कार्यों की जानकारी भी मांगी है। विधायक ने सुझाव दिया कि वन्य प्राणियों को जंगल से बाहर आने से रोकने के लिए 15 फीट ऊंची पक्की लोहे की जाली तथा उसके नीचे सीमेंटेड बेस बनाया जाना चाहिए।

'बयान को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे'

बैगा आदिवासियों के समर्थन में दिए गए अपने बयान को लेकर उठ रही चर्चाओं पर विधायक मधु भाऊ भगत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनके बयान को बीमार और कुंठाग्रस्त मानसिकता वाले लोग तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं। भगत ने कहा कि "अगर जल, जमीन और जंगल के असली मालिक आदिवासी वर्ग के समर्थन में बयान देना गुनाह है, तो वह यह गुनाह बार-बार करेंगे।"

उन्होंने कहा कि उन्हें चुनाव जिताने में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और वे अपने क्षेत्र के लोगों के हितों की आवाज उठाने के लिए जनप्रतिनिधि बने हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "मुझे इस वर्ग ने चुनाव जिताया है, शेर ने नहीं। इसलिए इस वर्ग के हितों की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।"

विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना उनकी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने वन्य प्राणियों के संरक्षण और मानव जीवन की सुरक्षा के बीच संतुलन कायम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत बताई। उनके पत्र से वन्यजीव संरक्षण पर किए जा रहे सरकारी खर्च और मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के उपायों को लेकर विभागीय जवाबदेही का मुद्दा सामने आया है।

सभी वाहनों को कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखा गया

भमोड़ी और खैरी में रेत के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई

4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अमले ने बालाघाट तहसील के ग्राम भमोड़ी एवं खैरी में छापामार कार्रवाई करते हुए खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।

खनिज विभाग के अनुसार 12 अगस्त 2026 को ग्राम भमोड़ी में जांच के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। वहीं 13 अगस्त को ग्राम भमोड़ी से 2 तथा ग्राम खैरी से 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों को अभिरक्षा की दृष्टि से कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) बालाघाट परिसर में रखा गया है। विभाग द्वारा इन सभी वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111